कवि भीम विरचित

सदयवत्स वीर प्रबन्ध

अनेक हस्तलिखित प्रतियों की सहाय से संशोधित अज्ञात कविकृत

"सार्वलिंगा पाणिग्रहण चउपई"

और

कवि कीर्तिवर्धन रचित 'सदयवत्स सार्वलिंगा चउपई'

के परिशिष्ट और

प्रस्तावना एवं टिप्पणियाँ सहित

सम्पादक-

डा० मंजुलाल मजमुदार

एम. ए., पी-एच. डी. एल-एल. बी.

'माधवानल कामकंदला प्रबन्ध' के सम्पादक

एवं

'गुजराती साहित्य के स्वरूप-पद्य विभाग:

मध्यकालीन और अर्वाचीन' के लेखक

प्रकाशकः—
सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट
बीकानेर

प्रथम संस्करण : १००० प्रतियाँ
मूल्य—४ रु०

मुद्रक:—
महावीर मुद्रणालय,
अलीगंज (एटा)

डा० कन्हैयालाल मुन्शी 'Gujarat & its Literature' (1935) Page 162:—

"Sadayavatsa kathā' has charmed Gujarat for about five hundred years. Sadayavatsa and Sāvalingā, husband and wife, are banished from their native city and are separated. Ultimately they meet after undergoing fearful experiences, in all of which the fantastic vies with the miraculous. The story is taken probably from some unknown Prākrit source. Its first available Gujarati version is copied in Samvat 1488."

संकलना

अर्पण

कायस्थ कवि गणपतिकृत 'माधवानल कामकंदला प्रबंध'
(१६१४), और भीमकृत 'सदयवत्स वीर प्रबंध' (१६१५)
के प्रथम निवेदक ।
अनेक अप्रकट संस्कृत प्राकृत अपभ्रंश और
प्राचीन गुजराती ग्रंथों के आद्य संशोधक ।
(पट्टण ग्रंथ-भण्डारों की सहाय से आधार लेकर)
'गायकवाड़ प्राच्य ग्रंथमाला' के आद्य संपादक

राजरत्न
पं० चीमनलाल दलाल की स्मृति में
सविनय
अर्पण

मंजुलाल मजमुदार

प्रकाशकीय

श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १९४४ में बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री के० एम० पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा संस्कृत, हिन्दी एवं विशेषतः राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वाङ्गीण विकास के लिये की गई थी ।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानो एवं भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारंभ से ही मिलता रहा है ।

संस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर में विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियां चलाई जा रही हैं, जिनमे से निम्न प्रमुख हैं—

१. विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस संबंध मे विभिन्न स्रोतों से संस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दो का संकलन कर चुकी है । इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, लंबे समय से प्रारंभ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं । कोश में शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ, और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं दी गई हैं । यह एक अत्यंत विशाल योजना है, जिसकी संतोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है । आशा है राजस्थान सरकार की ओर से, प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारंभ करना संभव हो सकेगा ।

२. विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भंडार के साथ मुहावरों से भी समृद्ध है । अनुमानतः पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं । हमने लगभग दस हजार मुहावरो का, हिन्दी में अर्थ और राजस्थानी मे उदाहरणों सहित प्रयोग देकर संपादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबंध किया जा रहा है । यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है ।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिए भी एक गौरव की बात होगी ।

३. आधुनिकराजस्थानीकाशन रचनाओं काप्र

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है—

१. कळायण, ऋतु काव्य । ले० श्री नानूराम संस्कर्ता

२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास । ले० श्री श्रीलाल जोशी ।

३ बरस गांठ, मौलिक कहानी सग्रह । ले० श्री मुरलीधर व्यास ।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमे भी राजस्थानी कविताये, कहानिया और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं।

४ 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है। गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानो ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयो के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन सम्भव नही हो सका है। इसका भाग ५ अङ्क ३-४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अङ्क एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य-सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है। पत्रिका का अगला ७वा भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है। इसका अङ्क १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और वृहत् विशेषाक है। अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं। भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं। शोधकर्त्ताओं के लिये 'राजस्थान भारती' अनिवार्यत: संग्रहणीय शोध-पत्रिका है। इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्रीनरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचन्द नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान, सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रंथो का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यो की ओर से निरंतर होता रहा है जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७. राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उसका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक काव्य 'क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड क्षेत्र के ५०० लोकगीतो का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैकड़ो लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरियां और लगभग ७०० लोक कथाएँ संग्रहीत की गई है। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाडे और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किए गए हैं।

१० बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखो का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक वृहत् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११. जसवंत उद्योत, मुंहता नैणसी री ख्यात और अनोखो आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथो का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचंद भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसंधान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के संबंध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान-भारती' मे लेख प्रकाशित हुआ है।

१३. जैसलमेर के अप्रकाशित १०० शिलालेखो और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४. बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथो का अनुसंधान किया गया और ज्ञानसार ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओ का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज, और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियो के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्यिक गोष्ठियो का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेको महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएँ और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियो तथा भाषणमालाओ आदि का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता रहा है।

१६. बाहर से ख्यातिप्राप्त विद्वानो को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्री कृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रन्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू० एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानो के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनो के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, बिसाऊ और पं० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हुंडलोद, थे।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवन-काल में, संस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है। आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह संभव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्त्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे। यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नहीं है, न अच्छा संदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्य को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चय ही बढ़ा सकने वाली होगी।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है। अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है। प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्त कराना संस्था का लक्ष्य रहा है। हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना संभव नहीं हो सका। हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये रु० १५०००) इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल रु० ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है; जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ३१ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है ।

१. राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२. राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा० शिवस्वरूप शर्मा अचल
३. अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४. हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५. पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,, ,,
६. दलपत विलास	श्री रावत सारस्वत
७. डिंगल गीत—	,, ,, ,,
८. पंवार वंश दर्पण—	डा० दशरथ शर्मा
९. पृथ्वीराज राठोड़ ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
१०. हरिरस—	श्री बद्रीप्रसाद साकरिया
११. पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१२. महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३. सीताराम चौपई—	श्री अगरचन्द नाहटा
१४. जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचन्द नाहटा और डा० हरिवल्लभ भायाणी
१५. सदयवत्स वीर प्रबन्ध—	प्रो० मंजुलाल मजूमदार
१६. जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७. विनयचन्द कृतिकुसुमांजलि—	,, ,, ,,
१८. कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचन्द नाहटा
१९. राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२०. वीर रस रा दूहा—	,, ,, ,,
२१. राजस्थान के नीति दोहा—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२. राजस्थान व्रत कथाएं—	,, ,, ,,
२३. राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,, ,,
२४. चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५ भड्डुली—	श्री अगरचन्द नाहटा म:विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रंथावली	श्री अगरचन्द नाहटा
२७. राजस्थानी हस्तलिखित ग्रंथों का विवरण	,, ,,
२८. दम्पति विनोद	,, ,,
२९. हीयाली-राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य	,, ,,
३०. समयसुन्दर रासत्रय	श्री भंवरलाल नाहटा
३१. दुरसा आढा ग्रंथावली	श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा० डा० दशरथ शर्मा), ईशरदास ग्रंथावली (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचन्द नाहटा), नागदमण (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया), मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रथो का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नही हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमे अवश्य प्राप्त हो सकेगी -जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथो का प्रकाशन सम्भव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षाविकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मंजूर की।

राजस्थान के मुख्य मन्त्री माननीय मोहनलालजी सुखाडिया, जो सौभाग्य से शिक्षा मन्त्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने मे पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यंत आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व० पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ वृहद् ज्ञान-भंडार बीकानेर, मोतीचंद खजान्ची ग्रंथालय बीकानेर, खरतर आचार्य ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री, पं० हरदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओ और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रन्थों का संपादन संभव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छत: स्खलनंक्वपि भवत्येव प्रमादत:, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधव:।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुन: मां भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पाजलि समर्पित करने के हेतु पुन: उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक

लालचन्द कोठारी

प्रधान-मंत्री

सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट

बीकानेर

बीकानेर,

मार्गशीर्ष शुक्ला १५

सं० २०१७

दिसम्बर ३,१९६०.

उपोद्‌घात

'सदयवत्स वीरप्रबन्ध' का पहला परिचय- प्रस्तुत प्रबंध के अस्तित्व का पहला उल्लेख करने वाले श्री चीमनलाल दलाल महोदय थे। ई. स. १९१५ (वि. स. १९७१) मे गुजरातके प्रख्यात शहर सूरत में आयोजित की गई (५) पांचवीं गुजराती साहित्य परिषद के समक्ष उन्होंने "पट्टण के ग्रंथ भंडार और उसमें बहुतायत रहा हुआ अपभ्रंश एवं प्राचीन गुजराती साहित्य" ("पाटणना भंडारो अने खास करीने तेमां-रहेलुं अपभ्रंश तथा प्राचीन गुजराती साहित्य") नाम का एक बढ़िया निबन्ध पढ़कर सुनाया था। उसमे एक अ-जिन कवि 'भीम' की रचना (लिपि वि. स. १४८८) सदयवत्स कहानी का उन्होंने ही सर्वप्रथम निर्देश किया था।

इसके पहले श्री कांटावाला से संपादित 'साहित्य' मासिक पत्रिका के अगस्त ई स १९१४ (वि. सं. १९७०) के अंकमें आम्रपद्र (आमोद) जिला भरुच के कायस्थ कवि गणपति की रचना-कृति "माधवानल कामकंदला प्रबंध" (रचनाकाल वि. सं. १५७४) कि, जो २५०० दोहा छंदका काव्य-ग्रंथ था उसके प्रति सबसे पहले श्री दलाल महोदय ने ही पाठकों एवं विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया था।

श्री चीमनलाल दलाल महोदय ने ही पट्टण के ग्रंथागार में से अपभ्रंश एवं प्राचीन गुजराती साहित्य के ग्रंथों का परिचय एक सूचिके रूपमें पहले एकत्र किया था। क्योकि उनके पहले पट्टण के ग्रंथागार के साहित्यक ग्रंथोंकी सूचि (नोंध) या सकलित यादी तैयार करने के लिये डा० ब्युलर, डा० पीटरसन, एवं प्रा० मणिलाल न. द्विवेदी आदि महानुभावोंने प्रयत्न किया था। उनको यहांके ग्रंथागारके संरक्षकों-का सहकार प्राप्त नहीं हुआ था। किन्तु श्री दलाल महोदय, स्वयं जिन होने के नाते, उन्होंने उन ग्रथागार के संरक्षकों का सहकार एवं सद्‌भाव प्राप्त कर लिया था। और अत्यंत परिश्रम करके यहाँ के (पट्टणके ग्रंथा-

गार के) साहित्यक-धन द्वारा उस साहित्य का साहित्य जगत में परिचय दिया। गुदडी के लाल की तरह, साहित्य प्रकाश मे लाया गया। साहित्य-जगत मे नई रोशनी आई। फलस्वरूप बडौदा रियासतकी श्री गायकवाड़ प्राच्य ग्रंथमाला (G. O. Series) के पहले सपादक एव तत्री-पद पर उनकी नियुक्ति की गई थी।

सम्पादनका श्रेय यह एक आनन्दजनक एवं आश्चर्यकारक घटना घटी है ऐसा कहने मे सकोच नहीं होता है। क्योंकि श्री दलाल महोदय ने जिस अ-जैन काव्यग्रथो की सर्वं प्रथम उद्घोषणा की थी, वही दोनो ग्रथो के सपादन करने का सद्भाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। कौन जानता था कि यह कार्यं मुझसे होगा ? किन्तु हो गया है। और अब भी हो रहा है। इसमे ईश्वर का कुछ सकेत होगा ऐसा मैं समझता हूं।

ई स १९४२ (वि सं १९९७) मे "माधवानल कामकंदला प्रबध" मूल-मात्र, एवं परिशिष्ट और उपोद्घात सहित प्रथम भाग श्री गायकवाड़ प्राच्य ग्रथमाला मे ९३ पुष्प के रूप मे प्रकाशित हुआ है। विस्तृत प्रस्तावना, टिप्पणियाँ, तथा शब्दकोशका दूसरा भाग तैयार होने जा रहा है।

संपादन का इतिहास- प्रस्तुत "सदयवत्स वीर प्रबंध" नामका ग्रंथ का संपादन कार्य करने का निर्णय ई. स. १९३९ (वि. स० १९९५) मे किया गया था। उसके बाद अन्य हस्तलिखित पोथियाँ एवं उपयोगी साहित्य की खोज मे कुछ वर्ष निकल गये। प्रस्तुत प्रबन्ध का प्रकाशन-कार्य अहमदाबाद की गुजरात विद्यासभा की ओर से होने वाला था। उससे मैंने वहा एक प्रेस-कापी प्रकाशन के लिये भेज दी। वहां के 'नवजीवन' छापखाने से ई. स १९५० (वि. स २००६) के आसपास के समय में देवनागरी लिपि मे प्रकाशित हुई कुछ गलतिया वाली प्रूफ-प्रतियाँ प्राप्त हुई। मैंने इन गलतियों की दुरुस्ती करने की प्रार्थना की। किंतु वहाँ के कार्यवाहको को गलतियाँ दुरुस्त करने के लिये सुविधा नही होने के नाते, कुछ कठिनाई देखकर उस कार्य को आगे

बढ़ाने में अनिच्छा व्यक्त की। छापखानेवालों ने यह सिरपच्ची वाला साहित्य विद्यासभा की ओर वापस भेज दिया। और विद्यासभा ने मुझे वापस लौटा दिया। और इस तरह यह प्रकाशनका कार्य यकायक रुक गया।

श्री नाहटाजी की प्रेरणा- श्री अगरचन्द नाहटाजी महोदयने उनके "राजस्थान भारती" नामके मासिक पत्रिका के अंक मे सन् १९५८ मे प्रकाशित एक विस्तृत लेख मे 'उस प्रबन्ध का प्रकाशन होने वाला है," ऐसा नोंट के रूप मे उल्लेख किया था। बाद मे (वि. स. २०१६) ई सं. १९६० के सितम्बर मास मे श्री नाहटाजी महोदयने, प्रस्तुत प्रबन्धकों श्री सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट बीकानेर ग्रथमालामे प्रकट करनेकी, सस्था के सेक्रेटरी (मत्री) के नाते, मुझे सूचन किया, प्रार्थना की। मैंने धन्यवादके साथ उनकी प्रार्थनाको सहर्ष स्वीकार किया। इस तरह प्रस्तुत प्रबधके प्रकाशन-कार्य की कहानी या पूर्व इतिहास अब पूर्ण होता है।

आभार दर्शन- इस उपयोगी साहित्य रचनाकृति को प्रकाशमे लाने की सुविधा एवं सहायता देने के लिये, तथा तत्सबंधी अनेक हस्त-लिखित प्रतिया एव अन्य सामग्री भेजकर रचनाकृतिके सपादन, संशोधन एव प्रकाशन आदि कार्यों मे जो सहायता प्रदान की है, इसके लिये मैं श्री नाहटाजी महोदय को धन्यवाद के साथ उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

उस सपादन की प्रस्तावना लिखने में उपरिनिर्दिष्ट श्री नाहटा जी महोदय का "राजस्थान भारती" मे प्रकाशित "सदयवत्स सावलिंगा की प्रेमकथा" नामके अत्यन्त अभ्यासपूर्ण एव विद्वत्तापूर्ण लेख का काफी उपयोग भी किया है। उसके लिये भी मुझे उनका ऋण-स्वीकार करते हुये अत्यन्त हर्ष होता हैं।

प्रस्तुत ग्रंथमें मैंने संशोधित की हुई एवं अन्य सर्व गुजराती सामग्री का हिंदी में अनुवाद करने वाले मेरे स्नेही एवं साहित्यक-शिष्य श्री चन्द्रकान्त बापालाल पटेल (साहित्यरत्न-प्रयाग) जी को मैं धन्यवाद देता हूं।

इस प्रबन्ध के सम्पादन में मेरे मित्र पंडित श्री लालचन्द्र भगवान दास गांधीजी ने पाठ निर्णय और टिप्पणी में हृदयपूर्वक सहायता की है इसलिए मैं अत्यन्त उपकृत हूं।

फोटोग्राफ- 'प्रबंध' और 'चउपाई' की प्राचीन प्रतियों के आदि एवं अंतभागके फोटोग्राफ (चित्र-कांपी) भी दिये हैं। जो प्रतियां बड़ौदा प्राच्यविद्यामंदिर के नियामक श्री डा० भोगीलाल जी सांडेसरा के सौजन्य से प्राप्त हुई हैं। जिससे लिपियों के प्रकारान्तरका परिचय भी होगा। और सुविधा रहेगी।

टिप्पणीमे कई अपभ्रंश शब्दोंकी व्युत्पत्ति दी गई है जिससे इनका यथार्थ बोध होने मे सुविधा रहेगी।

प्रबन्ध मे से एक दिलचस्प प्रसङ्ग का चित्र की प्रतिकृति एक सचित्र प्रति में से दी गई है।

"चैतन्यधाम" ३४ प्रतापगंज — मंजुलाल मजमुदार
बड़ौदा २
(गुजरात राज्य)

प्रस्तावना

प्रबन्ध का स्वरूप- वीररस प्रधान एवं ओजपूर्ण शैलीवाला काव्य 'प्रबंध काव्य' कहा जाता है। गद्य या पद्य दोनों में की हुई सार्थक रचना का नाम है 'प्रबध' (मणिलाल बकोरभाई व्यास का संपादित "विमल प्रबंध", प्रस्तावना पृ० ६२) ई. स. १००० से १५०० तक रचे गये ऐतिहासिक काव्योंके नाम, खास करके 'प्रबंध' रखे गये हैं। जैसेकि कुमारपाल प्रबन्ध, भोजप्रबन्ध, चतुर्विंशति प्रबन्ध, प्रबन्ध चिंतामणि, प्रबंध श्रेणि, जैसे संस्कृत गद्यपद्यात्मक ग्रथो में एक या अनेक वीरव्यक्तियों के चरित्रों का बयान किया गया है। इन प्रबंधों में संबधित व्यक्तियों में विमल मत्री जैसे युद्धवीर तथा धर्मवीर भी हैं, एवं जगड् जैसे दानवीर, और विक्रम जैसे युद्धवीर, और सदयवत्स या पृथ्वीराज जसे शृंगारवीर भी उल्लेखनीय हैं। यों प्रबंध खास करके ऐतिहासिक व्यक्तियोंके चरित्र-निरूपण के ही काव्य हैं।

वीररस का आलंबन- रसशास्त्रका एक सिद्धांत है कि उत्तम प्रकृति के नायकों का ही वीररसमें बयान करना चाहिये। क्योंकि वीरत्व उत्तम पुरुषों में ही होता है। वीररस का स्थायीभाव उत्साह है। उत्साह का राजस गुण किसी भी कार्य में वीर को प्रवृत्त करता है। क्योंकि उस कार्य मे उसको विजय प्राप्त करना है। वीर का उत्साह यूं पाँच प्रकार का हो सकता है। जैसे कि युद्ध करने का उत्साह, धर्म करने का उत्साह, दान करने का उत्साह, दया करने का उत्साह, तथा प्रेम करने का उत्साह।

महाभारत के पात्रों में अर्जुन युद्धवीर, हैं युधिष्ठिर महाराज धर्मवीर हैं। कर्ण दानवीर हैं। शिविराज दयावीर हैं। भगवान कृष्णचंद्र शृंगारवीर के रूप में विख्यात हैं ही। यदि कोई कहेंगे कि क्षमावीर, सत्यवीर, लज्जावीर, नीतिवीर, धृतिवीर जैसे भेद क्यों न हों सके? वीरके

अनेक भेद और केवल पाँच ही भेद क्यों कहे गये ? इसका समाधान इस प्रकार हो सकता है कि क्षमाका अन्तंभाव दया मे हो जाता है । तथा सत्य आदि का संनिहित धर्म मे ।

अंग्रेजी वीरपूजा की भावना-कार्लाइल के 'वीर और वीरपूजा' (Hero & Hero worship) नामक पुस्तक में जीवन के विविध क्षेत्रो में वीरता दिखाने वाले वीरों का पूजन करना उचित है ऐसा प्रतिपादित किया गया है। इसमे वीरता को व्यापक अर्थ मे सूचित किया गया है ।

कवि, धर्मगुरु, वैद, व्यापारी, सैनिक प्रत्येक के क्षेत्र मे हरेक को वीरता दिखलानेका पूर्ण अवकाश रहता है । और वीरता दिखलानेवाले सच्चे वीर कहलाने के योग्य हैं । उपर्युक्त दिखाये गये पाँच प्रकार के भेद में इसका भी अर्तभाव हो जाता है ।

वीररस के अन्य पद्यस्वरूप- वीरोंके चरित्र 'प्रबन्ध' रूपमे 'पवाडा' रूप मे, श्लोक (सलोका) रूप में, या 'रासा'के रूपमें वीररसके लिये उचित ऐसे 'छद' मे रचे जाते हैं । और रचे भी गये हैं । जिसके दृष्टांत ऊपर दिये गये है । सामान्य मनुष्यों के चरित्र कभी काव्य द्वारा बिरदाने के योग्य होते नही हैं, या ऐसे साधारण मनुष्यों के चरित्र काव्य में वर्णित किये नही जाते हैं, या योग्य भी नही होते । इसलिये गुजराती एवं राजस्थानी पद्य-साहित्य में खास तौर पर चरित्र, प्रबन्ध, पवाडो, रासो तथा छद, एव शलोका, ये सर्व शब्द करीब पर्याय रूप में प्रयुक्त किये गये शब्द न हों, ऐसा समझने का मन होता है ।*

---

* कान्हडदे प्रबंध की कुछ प्रतियो में उसका शीर्षक कान्हड चरिय, कान्हडदेनो चुपइ, कान्हड देनउ पवाडउ, और श्री कान्हडदे रास-ऐसा भी उल्लेख मिलता है-देखिये प्रा० कान्तिलाल व्यास, श्री सिंघी ग्रंथमाला अंग्रेजी प्रस्तावना, पृ० २० की पादनोंट ।

वीरगाथा काल- वीरगाथा काल के राजाश्रित कवियों एवं भाट चारणोंने अपने आश्रयदाता राजाओं के शौर्य पराक्रम एवं प्रभाव आदि के वर्णन अपनी ओजपूर्ण सनकदार बानी में काव्यों में किये हैं। ये लोग कभी कभी रणक्षेत्र में जाते थे, तलवार भी चलाते थे। और अपनी वीर बानी से सैन्य में शौर्य का संचार करते थे। खुद भी युद्ध में प्राणार्पण कर देते थे। ऐसी रचनाओं की पीढ़ीगत रक्षा भी की जाती थी एवं वृद्धि भी।

हमें वीरगाथायें दो रूप में मिलती हैं। (१) मुक्तक रूप में, और (२) प्रबंध में। जिस तरह युरुप में वीरगाथाओं के विषय (Age of Chivalry) युद्ध एव प्रेम थे, वैसे भारत के साहित्य में भी हुआ है। किसी राज्य की स्वरूपवती राजकन्या का समाचार सुनकर अपने लश्कर के साथ उस राज्य पर धावा करके उसकी राजकन्या छीन ली जाती या अपहृत की जाती थी। इसमें वीरो का वीरत्व,गौरव, शौर्य,अभिमान, बल, प्रभाव, आदि माना जाता था। इस तरह प्रबन्ध काव्यो मे वीररस के साथ शृंगार रस का भी मिश्रण होता था, हुआ है।

वीररस के मुक्तक- वीररस के प्राचीन मुक्तकों का संग्रह मुनि श्री हेमचन्द्राचार्य के 'प्राकृत व्याकरण' ग्रथ में दृष्टान्त के रूप में प्राप्त होता है। इसके सिवा भी प्रबध काव्य एवं वीरगीतों के स्वरूप में रचना हुई है।

रासा साहित्य- गुजराती के रासा युग के समसामायिक काल को हिंदी साहित्य में "वीरगाथा काल" नाम दिया गया है। इस काल में 'खुमान रासो' 'विशालदेव रासो' 'पृथ्वीराज रासो' 'हम्मीर रासो' 'जगनिक का आल्हाखंड' आदि रचना हुई है।

गुजराती म वि. सं. १३७१ के आसपास श्री अंबदेव सूरि रचित "समरारासु" में पट्टण के समरसिंह नामक एक ओसवाल वणिक बनिया ने संघ (यात्रा) निकाल के शत्रुंजय पहाड़ पर श्री ऋषभदेव के मन्दिर का जीर्णोद्धार किया। और घर लौट आया उसकी प्रावस्था तीर्थ-

यात्रा आदि का वर्णन आता है । इसमें समरसिंह स्वयं दानवीर एवं धर्मवीर भी दिखाई देता है ।

श्री कक्कसूरि के वि. सं १३९२ में संस्कृतमें रचित ग्रंथ 'नाभिनंदन जिनोद्धार प्रबन्ध' में भी इसका बर्नन है । श्री अम्बदेवसूरि इस यात्रा में सम्मिलित थे । ऐसा उसमें उल्लेख है ।

गुजराती प्रबन्ध साहित्य- 'विसलनगरा नागरबंभ' पद्मनाभने वि. सं १५१२ में 'कान्हडदे प्रबंध'की रचना की है। यह बिना सुपरिचित तथा सुबिदित हो गई हैं। वि. सं १५६८ में श्री लावण्यसमयने 'विमल प्रबन्ध' की रचना की है वह भी प्रसिद्ध है। कायस्थ कवि गणपति ने 'माधवानल कामकंदला प्रबन्ध' की रचना वि. सं १५७४ में आम्रपद्र, आमोद ज़िला भडोच में की है।

शील से शोभित नायक नायिका का शृंगार इसका वर्ण्य विषय है। इसमें माधव चारित्र्य-शुद्ध शृंगारवीर है। कामकदला अभिजात गणिकापुत्री है। और वह मृच्छकटिक की पात्र वसंतसेना का स्मरण कराती है। इसीलिये उनका मिलन साहसवीर तथा परदुखभजन ऐसे राजन विक्रम द्वारा होता है। इस प्रबन्ध में विप्रलभ तथा रतिक्रीडा यों दोनों प्रकार के शृगार रसप्रद बाणी में वर्णित किया गया है। फिर भी इसमें कविने शीलका, चारित्र्यका, माहात्म्य अधिक भावपूर्वक स्थापित किया है।

वैष्णव कवि श्री गोपालदासे ने "श्री वल्लभाख्यान" श्री वल्लभाचार्य (जीवनकाल वि. सं. १५२९-१५८७) तथा श्री विटठलनाथजी (जीवनकाल वि. सं. १५७२ से १६४२ में) धर्मवीर ऐसे गोस्वामी श्री विट्ठल नाथजी की प्रशस्ति की, प्रबन्ध-रूप में नौ गेय पद्यों में रचना की है।

संस्कृत गद्य कथा- श्री रत्नशेखर के शिष्य श्री हर्षवर्धनगणिने वि. सं. १५२७ में "सदयवत्स कथा" संस्कृत गद्य में रची है। वह शायद एक जैनेत्तर कवि भीम ने रचित "सदयवत्स वीर प्रबंध" की वि. सं १४८८ में श्री पट्टन में लिखी गयी प्राचीनतम प्रतिकृति प्राप्त हुई है। इस बिनासे इस कृतिकी रचना के संभव में

सकना है कि भीम की रचना अनुमानतः वि. सं. १४६६ में हुई होगी, ऐसा कुछ लोगो ने अनुमान किया है। दूसरी प्रति वि. सं. १५९० में एवं तीसरी प्रति वि. सं. १६६२ की प्राप्त है। इस परसे कहा जा सकता है कि सदयवत्स और सावलिंगा की प्रेम कथा का यह सबसे प्राचीन एवं उपलब्ध संस्करण है।

श्री चीमनलाल दलाल महोदय ने जिस प्रति की जाच की थी उसमें पद्य-सख्या ६७२ थी। दूसरी प्रति में ६८९ पद्य-सख्या है। किंतु सर्व प्रतियां का मिलान करनेके वाद,प्रबन्ध की ७३० जितनी कड़िया प्राप्त हुई हैं।

संस्कृत कथानक भीम के प्रबन्ध का मुख्यतः अनुसरण करता है। किंतु उसमे जिनधर्म की महिमा का गुथन करलेनेकी तक श्री हर्षवर्धन-ने छोड दी नही है। इन प्रसंगों का उल्लेख कथा-सार देते समय कौंस या कोष्टक में सूचित किया जायेगा। खरतर गच्छ के यति श्री कीर्ति-वर्धन ने इस कथानक में जिनमत का कुछ भी प्रचार नहीं किया है।

कथानक का मूल- 'कथा सरित् सागर' जो कि लोककथाओंके महासागर स्वरूप गिना जाता है। उसमें भी 'सदयवत्स कथा' का पता चलता नही है। फिर भी उज्जयिनी, हरसिद्धिमाता, प्रतिष्ठान नगर, शालिवाहन, बावनवीर, और खापरा चोर इत्यादि उल्लेखों से और सदयवत्स के अद्भुत वीरता-भरे वर्णनों से या गाथाओंसे इस लोक-कथा की उत्पत्ति का सम्बन्ध 'विक्रम कथा-चक्र' के साथ होना अनुमान किया जा सकता है।

* संस्कृत में 'सदयवत्स', प्राकृत में 'सुदयवच्छ' 'सुद्धवच्छ' एवं सुद्द, गुजरातीमें 'सदयवच्छ' और 'सदेवंत' इस तरह राजस्थानी-मारवाडी में 'सूदो', एवं 'सदेवछ' शब्द हैं। इससे ज्ञात होता है कि ये सर्व शब्द कथानक से सम्बन्ध रखने वाले हैं। कथानक के निकटवर्ती शब्द हैं।

सावलिंगा का निर्देश कहीं कहीं सावलिंगी के रूप में भी प्राप्त है।

प्राचीन उल्लेख पद्मावतमें सदयवत्स कथा के विषय में दो प्राचीन उल्लेख प्राप्त होते हैं। (१) मलेक मुहम्मद जायसीकृत रचना पद्मावत में इस कथानक का उल्लेख उसने किया है। और श्री सुधाकर द्विवेदी वाला जो संस्करण हैं उसमें यही पाठ है।

(२) शिरफ ने जायसीकृत 'पद्मावत' के अपने अंग्रेजी अनुवाद में पृ० १४४ की पादटिप्पणी में भी 'सदयवत्स' पाठ का उल्लेख किया है।

अपभ्रंशमें उल्लेख- एक दूसरा उल्लेख भी प्राचीन समय का प्राप्त होता है, जो अब्दुल रहेमानके अपभ्रंश काव्य 'संदेश रासक'में है। जिसका रचनाकाल वि. सं १४०० के आसपास है। उसने मुलताननगर का वर्णन किया है। उसमें वहाँ के विचक्षण नागरिको की साहित्यक विनोद की चर्चा के प्रसंग में उन्होने लिखा है कि मुलताननगर के सर्व नागरिक पडित थे। ये विचक्षणो के साथ नगर में परिभ्रमण करते समय कही कहीं प्राकृत के मनोरम्य छद के आलाप सुनने मे आते थे। तो कही भेष परिवर्तन करने वाले लोग (बहुरूपी) 'रासक' करते देखने को मिलते थे, तो कहीं वेद, सदयवत्स कथा, नल चरित्र, महाभारत एवं रामायण (रामचरित) सुनने मे आते थे।*

---

* देखिये, मूल अपभ्रंश रचना की संस्कृत टिप्पणी--

"यदि विचक्षणैः सह पुरान्तः परिभ्रम्यते तदा मनोहरं छंदसा मधुरं प्राकृतं श्रूयते।

कुत्रापि चतुर्वेदिभि. वेदः प्रकाश्यते।

कुत्रापि बहुरूपिभिर्निबचा रासको भाष्यते ॥४५॥

कुत्रापि सुदयवच्छ कथा, कुत्रापि नलचरितम्।

कुत्रापि विविध विनोदैः भारतं उच्चरितं श्रूयते॥

अन्यच्च कुत्रापि कुत्रापि आशिष त्यागिभिर्द्धिजवरैः

रामायणमभिनूयते ॥४४॥

यहां नलचरित्र, महाभारत एवं रामायण के साथ 'सदयवत्सकथा' का उल्लेख प्राप्त होने से ज्ञात होता है कि उस समय यह कथा उन ग्रंथों की तरह ही लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध होगी।

प्रान्त प्रान्तमें प्रचार- जायसी के पद्मावत में इस कथा का उल्लेख है इससे ज्ञात होता है कि उस कथानक की प्रसिद्धि उत्तर प्रदेश में भी इसी रूप में होगी। यह बात स्पष्ट नजर में आ जाती है।

अब्दुल रहेमान के इस का इस रूप में उल्लेख, वास्तव में पंजाबकी ओर इस कथा के प्रचार का द्योतक है। राजपुतानी (राजस्थान) एवं गुजरात मे भी इस कथानक का बहुत प्रचार रहा है। यह बात भी उस संपादित सशोधित एव प्रकाशित ग्रथ से ज्ञात होगी।

विक्रम कथाचक्र से सम्बन्ध-जिन कवि के स स्कृत कथानक में जिनाचार्य कालक के साथ उसका सम्बन्ध जुटाया है। एव कथा में उज्जयिनी, हरसिद्धिमाता (देवी), प्रतिष्ठाननगर एव शालिवाहन राजा बावन वीर, और खापरा चोर आदि के उल्लेख किये है। और इस प्रकार से विक्रमकथाओं के वार्ताचक्र (कथा चक्र) के साथ उसका सम्बन्ध व्यजित किया है।

प्रबन्धके रचयिता कविका परिचय- कवि ने प्रबन्ध मे अपने निर्देश के अतिरिक्त अन्य कोई भी परिचय नही दिया है। नामका निर्देश निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में मिल जाता है, जो यहा उद्धृत किया गया है।

"इम भणइ भीम तस गुण थुणिसु,
जो हरिसिद्धि-वर-लवध।"

नाम का निर्देश प्राप्त होता हैं। किंतु कवि ने अपनी जाति शाति एवं जन्मस्थल या निवासस्थान के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया है। साथ साथ प्रबन्धके रचना-कालका भी किंतु उनके प्रबन्धकी प्राचीन-

तम प्रतिकृति श्री पट्टन में वि. सं. १४८८ की लिखी हुई प्राप्त हुई है। (विद्वद्जन मनः प्रमोदाय) इससे काफी अनुमान किया जा सकता है कि यह रचना विक्रम की १५ वीं शती के उपरार्ध से अर्वाचीन नहीं है।

कविका निवास स्थान-कविने अपने निवास स्थानके बारेमें कुछ भी संकेत नही किया है। किंतु कविका निवास स्थान गुर्जर भूमि हो ऐसा प्रतीत होता है। क्योकि जब कामसेना के व्याधिकी चिकित्सा केवल गुर्जर वैद्यराज से ही हो सकी थी। और इससे गुर्जर वैद्यकी कवि भीम ने काफी प्रशसा भी की है।

प्राचीन काल की गुर्जर भूमि का विस्तार भी गुर्जर प्रतिहार राजाओं के साम्राज्य विस्तार के साथ साथ हुआ है। जिस राज्य में सौराष्ट्र, आनर्त, एव समस्त राजस्थान का भी सन्निवेश होता था, और इसकी व्यापक लोक भाषाये भी समान थी।

कवि की ज्ञाति- कवि का ब्राह्मण होना सम्भव है। क्योंकि उसने गणेश, शकर, एव हरसिद्धि माता परमेश्वरीका उल्लेख किया है। साथ साथ कैलाशपति भगवान शकर के प्रासाद का सुन्दर बयान दिया है। (दे०कडी २१७, १८, १९) । प्रतिष्ठान नगर वर्णनके प्रसङ्गमे विक्रम, त्रिविक्रम, विष्णु एव सूर्य का भी उल्लेख हैं। सार्वलिगा के अग्निप्रवेश की पूर्व तैयारी के रूप में जो प्रार्थना दी है इससे भी पता चलता है। जैसे कि 'करउ साखि त्रिकम ने तरणी' कडी (५९९)।

कवि रामायण एवं महाभारत से भी विशिष्ट रीति से परिचित थे ऐसा जान पडता हैं। कुछ छंद एवं काव्य पद्धतियों के द्वारा इसका पता चलता हैं। सदयवत्स के गुण एव कार्यों की प्रशसावली के अनुसंधान में नल, कदर्प, युधिष्ठिर, गागेय भीष्म पितामह, भीमसेन, कर्ण एवं दुर्योधन जैसोके उपमान भी कविने दिये हैं।(दे० छप्पय कडी २८७)कविके जमाने मे जिनधर्म एवं जीवदया अहिंसाका भी काफी प्रचार था। इसके द्योतक निम्नलिखित काव्य-पंक्तियां हैं। इससे पता चलता है। जैसे कि 'जिन शासन माडउ गहगहइ। जीवदया देखी मन रहइ ॥'(दे कडी ४५१,४५२)

प्रबंध की भाषा- प्रस्तुत प्रवन्ध की भाषा किसी भी जिनेत्तर गुजराती ग्रंथ की भाषा से प्राचीन जान पड़ती है। प्राकृत एवं अपभ्रंश के शब्द और प्रयोगों के रूप में उसमें इतनी सामग्रियां भरी पड़ी हैं कि न पूछो बात। यदि प्रारम्भ के मगलाचरण में कवि ने गणपति का नाम-स्मरण न किया होता तो इसकी गणना किसी जिन कवि की कृति के रूप मे गिना जाने का सम्भव था। डा० टेसिटोरीने जूनी पश्चिम राजस्थानी का नामाभिधान जिस भाषा-स्वरूप को दिया है। और गुजराती विद्वान महाशयोंने 'अतीम अपभ्रंश' और 'जूनी गुजराती', ऐसे शब्दो से उसका व्यवहार किया है। उसी समयकी भाषा 'सदयवत्स वीर प्रबन्ध'में प्रतीत होती है। वास्तव में वि. सं. १४८८ की प्रति की उपलब्धि से भाषा के प्राचीन स्वरूप की रक्षा हुई है। और इसमें कुछ परिवर्तन एव आधुनिकरण नही हुआ है।

सरस यां सुन्दर रचना -कवि इस प्रबन्धके प्रारम्भ में 'सरस' 'सुअर्थ' एव सुच्छंद प्रबन्ध के रचयिता सर्व कोई प्रौढ़ एवं लघु छोटे बड़े ऐसे कविजनो को नमस्कार करते हैं। इससे अनुमान किया जा सकता है कि कवि ने किसी प्राकृत किवा प्राकृत अपभ्रंश ग्रन्थो में से इस प्रबंध के विषय मे प्रेरणा प्राप्त की होगी जिसका निर्देश हमे निम्नलिखित काव्य पक्तियो से मिलता है। जैसे कि "गुरु लहुय जि कवि कवियण, सरस सुअत्थ सुछद बधयरा।" कवि के पुरोगामी काल मे ऐसी प्रबन्ध रचना होना भी शायद सम्भव हो। फिर भी अद्य-यावत्प्राप्त जिनेत्तर रचनाओ में कवि भीम की रचना सबसे प्राचीन है-ऐसा कहने में सकोच नही हैं।

भीम कवि की रचना एवं काल-समय- सदयवत्स चरित कथानक के सम्बन्ध में उपलब्ध साहित्य से निर्णय किया जाता है कि उन रचनाओं का प्रारम्भ वि. की १५ वीं शती से होता है। प्राचीन गुजराती भाषा में रचित भीम कवि की रचना 'सदयवत्स वीर प्रबन्ध' ग्रंथ उपलब्ध रचनाओं में सबसे प्राचीन है। इसकी प्राचीनतम प्रतिकृति

वि. सं. १४८८ की प्राप्त हुई है। इससे अनुमान किया गया है कि यह रचना निदान २० बीस साल पहले की होना सम्भव है। अतएव इनकी रचना वि. सं. १४६६ की है। ऐसा निर्देश कई लेखकों ने किया होगा। वास्तव में कवि का इसके वारे में कही भी स्पष्ट उल्लेख प्राप्त नहीं होता।

प्रबन्ध के छंद- कवि ने प्रस्तुत प्रबन्धमें दूहा, दूहासोरठा, पद्धडी, चउपई, अडयल, वस्तु, छप्पय, कुंडलिया. चामर एव मौक्तिकदाम इन मात्रामेल छद एवं एकताली केदारराग, और धउल धनासी, जैसे गेय काव्य-छंद प्रयुक्त किये हैं। अतएव ७३० कडियों में वह कृति प्रसादयुक्त एवं वैविध्यपूर्ण और सुन्दर बन पाई है।

वस्तुछंद 'पिंगलसारोदार'के नियमानुसार, १२५ मात्राओका नवपदी छंद है। पहले तीसरे ओर पांचवें पदमे १५ मात्रायें, दूसरे एव चौथे पद में ११ मात्रायें, और अंत्यके चार पदों से दूहा बनता है।

पद्धडी पद्धडिका और पाधडी छद कडवक के अत में अपभ्रंश काव्यो में प्रयुक्त होता है।

आचार्य हेमचद्र जी ने 'छंदानुशासन' में 'चौः पद्धडिका' चार च गणों से पद्धडिका छंद बनता है ऐसा लक्षण दिया है। चार मात्रा के गणकी चगण संज्ञा है। एवं १६ मात्रा का एक पाद, इस तरह के चार पाद पद्धडिका छद में रहते हैं। इसमें उसका नाम चतुष्पदी भी है।

प्रबन्ध में रस- कवि ने इसमें नौ ९ रस होने का उल्लेख किया है, किंतु प्रधानतया वीर एवं अद्‌भुत रसका संचार अधिक है। शृंगार रस उसमें गौण रूप में पाया जाता है। 'सदयवत्स वीर प्रबन्ध' नाम की गुजराती कवि की रचना प्रयः वीर रस से ही प्रेरित हैं।

गुजराती रूपान्तर-उज्जयिनी के राजा प्रभुवत्स के महालक्ष्मी रानी से सदयवत्स नामक पुत्र हुआ। उसे द्यूत का कुव्यसन लगा हुआ था। प्रतिष्ठानपुर के राजा शालिवाहन के सावलिंगा नामक पुत्री थी। उसके स्वयंवर मे जाने के लिये आमंत्रण मिलने पर राजा प्रभुवत्स ने मंत्री के साथ सदयवत्स को प्रतिष्ठानपुर भेजा। मत्री कृपण होने से कुमार को खर्च के लिये आवश्यक द्रव्य नहीं देता था। स्वयंवर में सदयवत्स ने अपने गुण एवं कला से आकर्षित कर सावलिंगा से विवाह कर लिया।

उज्जयिनी मे महादेव नामक एक दरिद्र ज्योतिषी रहता था। स्त्री की प्रेरणा से एक दिन वह राजा प्रभुवत्स की सभा मे उपस्थित हुआ। राजा ने उसका परिचय पूछा उसने कहा कि मैं ज्योतिष के बल से भूत, भविष्यत् और वर्तमान के शुभाशुभ को जानता हूं। राजा ने उसके इस अभिमान से क्रुद्ध हो परीक्षार्थ अपने निकटवर्ती जयमगल हाथी का आयुष्य पूछा। ज्योतिषी ने कहा यह कल दोपहरको मर जायगा। राजा ने क्रोधित होकर उसे कैद कर लिया और नौकरो को जयमंगल हाथी की विशेष रक्षा करने की आज्ञा दे दी। लोक ज्योतिषी की अवज्ञा करते हुये कहने लगे, देखो इस ज्योतिषी ने हाथी का मरण तो जान लिया पर अपने बंदीखाने मे पडने की बात को नही जानी।

इधर वैद्यो की देखरेख मे जयमगल की विशेष सुरक्षा की व्यवस्था हो चुकी थी। पर भवितव्यतावश दूसरे दिन दोपहर के समय हाथी मदोन्मत्त हो भाग निकला और बाजार में उपद्रव मचाने लगा। इसी समय एक सगर्भा ब्राह्मणी के अधरणी उत्सव का वरघोडा उसके पीहर से ससुराल जा रहा था, वहाँ वह हस्ति आ पहुचा। उत्सव में सम्मिलित लोग भाग खड़े हुये, पर ब्राह्मणी गर्भभार के कारण भाग न सकी। अतः हाथी ने उसे पकड ली। यह देखकर उसके पति ने चिल्लाते हुये उसकी रक्षा करनेवाले को हार आदि देने की उद्घोषणा की। सदयवत्स की दृष्टि भी उस ओर पड़ी और उसने हाथी को मारकर ब्राह्मणी की रक्षा की। इससे प्रसन्न हो प्रभुवत्स राजा ने कुमार को युवराज-पद देने का

निश्चय किया। स्वयंवर में साथ जाने वाले मंत्री ने कुमार को युवराज-पद मिलता देख विचार किया कि मैंने इसे आवश्यक द्रव्य व्यय के लिये नहीं दिया था संभव है वह उस वैर का बदला मुझ से ले। अतः इसे युवराज-पद नहीं मिले ऐसा सोच राजा को उल्टी मंत्रणा दी कि कुमार ने एक साधारण स्त्री की रक्षा करने के लिये "जयमंगल"-जैसे राजमान्य हाथी को मार डाला यह उचित नहीं किया। राजा को मंत्री की बात जँच गई उसने कुमार के कार्य को अनुचित समझ कर उसे राज्य छोड़कर चले जाने की आज्ञा दे दी।

कुमार ने भी अपमान होने से अब वहाँ रहना उचित नहीं समझा और जाने की तैयारी कर ली। माता ने समझाया पर उसने नहीं माना। सावलिंगा भी उसके साथ हो गई। चलते चलते वे एक बन में आ पहुंचे वहा सावलिंगा को जोरो से प्यास लगी। कुमार पानी की खोज मे इधर उधर घूमते हुए एक प्रपा पर नजर आई। पानी लेनेके लिये पास पहुचने प्रपालिका वृद्धा ने कहा यह हरसिद्धि माता की प्रपा है। जितना पानी लोगे उतना ही खून देने की शर्त से ही जल ले सकते हो। कुमार ने सावलिंगा के प्रेमवश वह शर्त स्वीकार कर, पानी ले जा कर, सावलिंगा को पिलाया। वृद्धा भी साथ गई और खून माँगा। कुमार शिरच्छेद करने को उद्यत हुआ। इससे देवी ने प्रसन्न हो वर माँगने को कहते हुए कहा- कि मैंने ही तुम्हारी परीक्षा लेने के लिये जंगल की रचना की है। और मैं उज्जैन एवं प्रतिष्ठान नगर की कुलदेवी हूं। कुमार ने सग्राम एवं युद्ध में जय होने का वरदान माँगा।

देवी ने सारियों के द्यूत में जय होने के लिये दो पासे, कपर्दक द्यूत में जय होने के लिये कपर्दिकायें, और संग्राम में जय होने के लिये लोहछुरिका दी। आगे चलते हुए स्त्रियों के समूह के बीच में एक कुमारिका को ध्यान करते हुए देखकर सावलिंगा ने उसके पास जाकर वृत्तान्त पूछा। कुमारिका ने कहा यहाँ से ५ कोस पर स्थित धारावती-नगरीके राजा धारवीरकी स्त्री धारिणीकी मैं लीलावती नामक पुत्री हूं।

बन्दीजनों के मुख से सदयवत्स का गुण श्रवण कर उसे पाने के लिये इस कामितप्रद तीर्थ में ६ महीने से ध्यान कर रही हू । सदयवत्स के न मिलने पर कल चिता में जल मरूंगी । सार्वलिगा ने यह वृतांत सदयवत्स को कहा । कुमार सबके साथ नगरी मे आया और लीलावती से विवाह कर उसकी इच्छा पूर्ण की ।

[इसी समय धर्मघोष नामक जैनाचार्य वहा पधारे और "थोडा बहुत भी धर्म जरूर ही करना चाहिये" ऐसा उपदेश देते हुये मृगांक की कथा कह सुनाई । सदयवत्स ने उसे सुनकर श्रावक धर्म स्वीकार किया ।]

लीलावती को पितृगृह में रखकर सार्वलिगा के साथ कुमार आगे चला । रास्ते में एक पर्वत पर शिला से ढकी हुई गुफा देखी, दोनों ने कौतूहलवश भीतर प्रवेश किया तो उसमें ५ चोर बैठे देखे । चोरो ने सदयवत्स को अकेला देख उसे मारकर सार्वलिगा को ग्रहण कर लेने का विचार किया । उन्होंने द्यूत रमने के लिये सदयवत्स का आव्हान किया और जो हारे उसे मस्तक देना पड़े यह शर्त रखी गई । देवीके वरदानसे सदयवत्स जीता पर सज्जनतासे उसका शिर छेदन नही किया । इससे चोर प्रभावित हुए । और अदृष्टांजन, संजीवनी, रससिद्धि आदि विद्यायें देने को कहा पर कुमारने उन्हे नही लिया । फिर भी एक चोर ने गुप्तरूप से कुमार के उत्तरीय वस्त्र के छोर से पद्मिनिपत्र वेष्टित लक्ष मूल्य का कंचुक बाध दिया । चोरों ने यह भी कहा कि कभी आप संकट में पड़ जायें तो हमे स्मरण करते ही हम आकर आपकी सहाय करेंगे ।

कुमार आगे चलते हुए एक निर्जन नगर में पहुंचा । राजभवन के समीप आने पर एक स्त्री का रोना सुन कर उसके पास जाके रोने का कारण पूछा । उसने कहा मैं नंद राजा की लक्ष्मी हूं, अनाथ होने से रो रही हूं, तुम मेरे स्वामी बन जाओ ।

[नगर का निर्जन होने का कारण पूछने पर लक्ष्मी ने कहा कि इस

वीरपुर नगर मे एक तापस आया था। वह ब्रह्मचारी था। लोगों पर प्रभाव जमाने के लिये स्त्री का स्पर्श हो जाने पर बडा गुस्सा दिखलाने का ढोंग करता था। एक बार नगरी की वेश्या ने उसका स्पर्श किया, इससे उसने राजा के पास फरियाद की। वेश्या ने उसे ढोंगी बतलाया राजा ने उसकी परीक्षा के लिये उसे महल मे लाकर रानी के ससर्ग मे अधिक रूप से आने की व्यवस्था कर दी। रानी को देख कर वह कामातुर हो उठा और भोग के लिये प्रार्थना की। रानी ज़ोर से चिल्लाई तब राजा ने आकर तापस को मारडाला। वह तापस मरकर राक्षस हुआ और पूर्व भव के वैर से नगरी की यह स्थिति कर दी।]

लक्ष्मी ने कुमार को धन का ढेर पडा बतलाया। कुमार सावलिगा से कहा कि यह धन अपने फिर कभी विधि विधानपूर्वक ग्रहण करेंगे। अभी तो प्रतिष्ठानपुर चलें। चलते चलते वे प्रतिष्ठान के समीप आ पहुंचे और पास के गाँव मे एक ब्रह्मभट्ट के यहा जा कर ठहरे। ससुराल होने के कारण नगर-प्रवेश के लिये योग्य वस्त्राभूषण लाने एवं रचनादि की व्यवस्था करने के लिये कुमार अकेला नगर मे जाने लगा तब सावलिंगा ने कहा कि यदि आप ५ दिन मे वापिस नही लौटे तो मैं चिता-प्रवेश कर लूंगी।

कुमार को नगर मे प्रवेश करते हुए एक टूंटक मिला। कुमार उसे अपशकुन समझ कर वापिस जाने लगा। टूटक को यह बात अखरी और वह पुष्प एवं खाद्यादि मागलिक वस्तुओ को लेकर पास मे आकर कहने लगा कि मैं सिंहल के राजा का सुरसुंदर नामक पुत्र हूं। कौतुकवश ५०० हाथी एवं करोड़ मोहर लेकर नगर देखने के लिये यहाँ आया था पर मैं उसको जूए मे हार गया। जुवारियों ने मेरे हाथ कान भी काट डाले। दैव रूठता है वही जूआ खेलता है।

टूंटक के साथ कुमार ने नगर मे प्रवेश किया। रास्ते मे सूर्य-प्रासाद मे विवाद हो रहा था। विवाद का विषय यह था कि राज्यमान्य कामसेना वेश्या ने स्वप्न मे देखा कि श्रेष्ठि दत्तक के पुत्र सोमदत्तने उसके

घर आकर उससे भोग किया। अतः सोमदत्त से अपनी द्रव्य मुद्रा रूप मे गर्हित कार्यों की शुल्क लेने के लिये वेश्या ने अक्का भेजी। श्रेष्ठि ने-धन देने से इनकार किया। इसी कारण ३ दिन से विवाद चल रहा था कुमार को देख उसे इसका न्यायाधीश चुना गया। उसने श्रेष्ठि से कहा कि राजमान्य से विरोध करना उचित नहीं। अत: तुम इसे धन दे दो। कुमार ने श्रेष्ठि से धन मंगा कर उसका आधा भाग लेने के लिये अक्का को कहा पर उसने आधा लेने को स्वीकार नहीं किया। तब कुमार ने एक दर्पण भाग कर उसके सामने धन रख दिया और प्रतिबिम्बित धन लेने के लिये अक्का से कहा। क्योकि स्वप्न एवं प्रतिबिम्बित अवस्था समान ही होती है। इस न्याय से अक्का लज्जित हो बिलखती हुई लौट गई।

कामसेना यह वृत्तांत जानकर नृत्य करने के बहाने सूर्य प्रासाद में आई और कुमार को देख कर मोहित हो गई। उसने कुमार को अपने घर चलने को कहा। टूंटक ने जाने का विरोध किया कि वेश्या किसी की नही होती। पर कुमार निर्भीकता से चला गया और ५ दिन उसके यहा रहा। कुमार नगर में जूआ खेलने गया और बहुत सा धन कमा लाया। उसमे से कुछ धन सार्वलिगा के लिये आभूषणादि खरीद करने के लिये टूटक को दे दिया बाकी वेश्या को दे दिया।

५ वें दिन कुमार ने वेश्या से जाने की आज्ञा मागी। वेश्या ने रहने का बहुत आग्रह किया पर कुमार को सार्वलिगा से वचनवद्ध होने के कारण जाना जरूरी था अतः रवाने हुआ। जाते समय वेश्या-ने कुमार का उत्तरीय वस्त्र खेंचा तो उससे छोर का बाधा हुआ पद्मिनीवेष्टित कंचुक खुल पडा। वेश्या ने वेष्टन खोलने पर रत्नमय कंचुक देख कर कुमार से मागा और उसने वह उदारतापूर्वक दे दिया।

वेश्या उसे पहिन कर राजसभा में जा रही थी, इसी समय एक सेठ ने कंचुक को देख, वह अपना चोरी गया था वही है यह निश्चय

कर राजा से इसकी फरियाद की। राजा द्वारा वेश्या को पूछने पर उसने कहा हमारे यहा अनेक चोरादि आते हैं मैं उनका नाम नहीं बतला सकती। तब राजा ने वेश्या को शूली की सजा का हुक्म दे डाला। कुमार ने जब यह बात सुनी तो वह शूली के स्थान पर पहुचा और कोतवाल को जाकर कहा 'चोर मै हू, वेश्या को छोड़ दो'' पर उसके नहीं छोड़ने पर जबरदस्ती उसे छुड़ा दिया, राजाने कुमार को पकड़ने के लिये अपनी सेना भेजी पर कुमार ने उसे भी हरा दिया।

उधर ५ दिन तक कुमार के न आने के कारण सावलिंगा ने चिता-प्रवेश की तैयारी कर ली। कुमार ने यह सुनते ही अपने बदले सोमदेव को वहां छोड वापिस आने की प्रतिज्ञा कर वहा पहुचा। और सावलिंगा को जलने से बचाया। प्रतिज्ञानुसार कुमार शूलीस्थान पर वापिस आया राजा ने ५२ वीरों को कुमार से युद्ध करने के लिये भेजा। नारद से सूचना पाकर कुमार के पूर्व परिचित ५ चोर वहां सहायतार्थ आ पहुचे अतः ५२ वीर भी हार गये।

राजा ने बल से काम निकालता न देख नम्रता से कुमार का नाम पूछा और उसके न बतलाने पर वेश्या से पूछा। तो वेश्या ने उसका नामाङ्कित खड्ग लाकर राजा को दिखलाया। राजा को छलने के लिये कुमार ने कहा इस तलवार को तो मैं सदयवत्स से जूए मे जीता था। राजा ने उसे वश मे करने को गजघटा बुलाई। उसे भी सिंहनाद द्वारा कुमार ने भगा दिया। अंत मे राजा के अनुरोध से कुमार ने अपना वास्तविक स्वरूप प्रगट किया। तो राजा को उसे अपना जामाता ही जानकर बडी प्रसन्नता हुई और अपने पुत्र शक्तिसिंह को भेज कर सावलिंगा को भी बुला ली।

अवान्तर कथा। कुछ समय तक दोनो वहां आनदपूर्वक रहे। इसी समय सदयवत्स की मित्रता १ बनिक, १ क्षत्रिय एवं ब्राह्मण जाति के तीन व्यक्तियो से हो गई। इतने में ही एक विदेशी के मिलने पर कुमार ने पूछा कि कही कुछ कौतुक देखा हो तो कहो। उसने कहा तुम्बन नगर में धनपति सेठ के मृत पिता बहुत

समय हुए जला दिये गये थे, पर वे रात के समय जीवित अवस्था में घर पर आ जाते हैं। यह बड़ा आश्चर्य है। कुमार कौतूहलवश तीनों मित्रों के साथ वहां गया। तुम्बन में प्रवेश करते हुए एक ब्राह्मणकन्या को सीकोतरी पीड़ा दे रही थी, उसे छुड़ाकर उसका विवाह ब्राह्मण मित्र के साथ कर दिया।

आगे चल कर मित्रों सहित कुमार सेठ के घर पहुंचा। और अमुक धन लेने का तय कर वे उसके पिता का शव जलादेने के लिये स्मशान ले गये। उसे प्रातःकाल जलाने का निश्चय कर रात को १-१ प्रहर बारी वारी पहरा देने की कर ली गई।

पहली बारी वणिक की थी। पहरा देते हुए उसे एक स्त्री के रोने की आवाज सुनाई दी। वणिक शव को अपनी पीठ पर बांध स्त्री के पास गया। और रोने का कारण पूछा। स्त्री ने कहा मेरा पति शूली पर लटका हुआ है मैं उसके लिये थाली मे भोजन लाई हूं पर शूली के ऊंची होने के कारण उस तक पहुच नही सकती। इसी दुःखसे रो रही हू। वणिक ने करुणावश उसे पीठ पर चढ़ा कर ऊंची कर दी। स्त्री ने ऊंची चढ़ कर शूली पर लटके हुए पुरुष का माँस खाना शुरू कर दिया। जब एक मासखंड वणिकके ऊपर पड़ा तब उसने उसको नीचे डाल दिया। पड़ते ही वह स्त्री भागने लगी पर वणिक ने उसका पीछा कर एक हाथ काट डाला और उस हाथ को बालुका मे डाल दिया।

दूसरे पहर मे एक ब्राह्मण ने एक राक्षस द्वारा एक राजकुमारी को ले जाते हुए देखा। राक्षस को राजकुमारी से भोग की प्रार्थना करते देख पीछे से ब्राह्मण ने उसे मार डाला।

तीसरे पहर क्षत्रियकी वारी थी। शव को जलाने के लिये वह अग्नि लेने की खोज में निकला तो उसने भूतों को खीर पकाते देखा। उनके पास ७ पुरुष खिचड़ी के साथ साग की जगह खाने के लिये बंधे हुए थे। क्षत्रिय पुत्र ने भूतों को डरा कर भगा दिया। और पत्थर मारकर खिचड़ी की हांडी को फोड़ डाला। बंधे ७ पुरुष राजकुमार थे।

चौथे प्रहर सदयवत्स उठा तो शव ने उसे जूआ खेलने को आह्वान किया। शव में रहे हुए वेंतालने अपने बाहु प्रसारित कर एक राजमहल में से जूआ खेलने की सामग्री उठाकर ले ली। जो हारे उसका मस्तक छेदन कर दिया जाय। इस प्रतिज्ञा पूर्वक साथ वैतालको जीतकर कुमार ने शव को जला दिया।

प्रभात में श्रेष्ठि के पास जाकर पूर्व निश्चित धन मांगा। श्रेष्ठि ने कहा कल खातरी करके दूंगा। कुमार ने राजा के पास फरियाद की और रात का सारा वृतात कह सुनाया। राजा के प्रमाण मागने पर बालू मे गढ़ा हुआ हाथ उपस्थित किया और वह हाथ रानी का होने से रानी सीकोतरी सावित हुई। राजकुमारी राजकुमारो को भी उपस्थित किया गया। श्रेष्ठि ने कुमार को अपनी कन्या ब्याह दी।

सदयवत्स वहा से वापिस लौटते हुए निर्जन नगर को जिसे देख आया था वहाँ गया। वहाँ राक्षस की आराधना कर वीर कोट नामक नगर बसाया। सदयवत्स के लीलावती रानी से वनवीर और सावलिंगा से वीरभानु नामक पुत्र हुए।

[सदयवत्स ने चतुर्थी को संवत्सरी करने वाले जैनाचार्य कालकसूरि के हाथ से अपने वसाये नगर के जैनमंदिर की प्रतिष्ठा करवाई।]

इसी समय उज्जयिनी, जो कि अपनी मूल राजधानी थी, पर शत्रुओं के ६ महीने से घेरा डालने की बात सुन कर कुमार ने ससैन्य वहां जाकर शत्रुओ को परास्त किया। प्रभुवत्स राजा ने सदयवत्स को उज्जयिनी का राज्य दिया। वीरकोट का नवीन स्थापित राज्य राजकुमार को सौंप दिया गया।

[अन्यदा कालकाचार्य उज्जयिनीमे पधारे और पूछने पर सदयवत्स का पूर्वभव कह सुनाया कि तू विंध्याचल की पल्ली के गोत्रक नगर मे व्याघ्र राजा की धारलदेवी रानी के गुण सुंदर नामक सरलस्वभावी

एवं दयावान पुत्र था। श्यामाचार्य के पास जीवदया व अभयदान का उपदेश श्रवण कर उसने सम्यक्त्व सहित श्रावकोचित १२ व्रत ग्रहण किये। गुणसुन्दर मुनियों को अन्नादि का दान और प्राणियोंको अभयदान देने मे सदा तत्पर रहता था। एक बार उद्यान मे क्रीडा करते हुए उसे ४ पुरुष मिले। उन्होने कहा कि वैताल नगर मे देवी के बलिदान के लिये हमे पकड़ा गया था पर हम वहा से भाग कर यहां आ गये हैं। वहाँ के लोग बडे निर्दयी हैं और मनौती मानकर थोड़े से स्वार्थके लिये भैंसे और विशेष कार्य से मनुष्य तक की बलि दे देते हैं। गुण-सुन्दर का हृदय करुणार्द्र हो गया। अत वहाँ जाकर बलि देनेवाले लोगों को भगाकर मनुष्यो को बचाया। और अपनी बलि देने के लिए कठ पर तलवार का प्रहार करने लगा। देवी ने उसके धैर्य एवं साहस से प्रसन्न हो उसका हाथ पकड़ा। तब उसने देवी को प्रतिबोध देकर सदा के लिये बलिप्रथा बंद करवा दी। मृत्यु समय मे आराधन करने से तुम इस जन्म मे सदयवत्स हुए। जीव दया व अभयदान के पुण्यसे प्रबल पराक्रम और मुनि दान के फल से सब प्रकार के भोग प्राप्त किये। अपना पूर्व वृत्तान्त सुन सदयवत्स को पूर्व-भव स्मरण हो आया।

राजस्थानी रूपांतर-राजस्थान में प्रचलित सदयवत्स कथा में केशव की प्रति सबसे प्राचीन है। अत: तुलनात्मक विचार करने के लिये यहाँ उसका सार दे दिया जाता है।

पूर्व दिशा के कोंकण देशस्थ विजयपुर में महाराजा महीपाल राज्य करते थे। उनका पुत्र सदयवच्छ था। राजा के मंत्री सोम के सावलिंगा नामक पुत्री थी। योग्य वय होने पर महाराजा ने पंडित को बुला विद्याध्ययनार्थ कुमार को उसके सुपुर्द कर दिया। इसी प्रकार मन्त्री सोम ने सावलिंगा को भी पढाने के लिए उन्ही की पाठशाला मे भेज दिया। और उसे पाठशाला के छात्रों से अलग रखकर पढाने का निर्देश कर दिया।

सावलिंगा की पढाई परदे में होने लगी। राजकुमार के पूछने पर

पंडितजीने उसके परदे में पढ़नेका कारण उसका अन्धी होना बतलाया। और कुमारी को कुमार का कोढ़ी होना कह दिया जिससे परस्पर कोई सम्बन्ध न हो सके। एक दिन किसी कारण से पडितजी नगरमे गये थे और सबको पढ़ाने का काम कुमार को सौंप गये। पढते हुए परदे मे स्थित कुमारी ने कोई पाठ अशुद्ध बोला। तब कुमार ने कहा 'अन्धी! अशुद्ध क्यों बोल रही हो?' प्रत्युत्तरमे कुमारीने कहा--कोढी! जैसा पाटी में लिखा है वैसा ही पढ रही हू।' कुमार का भ्रम इस उत्तर से दूर हो गया। उसने सोचा गुरुजी के कथनानुसार कुमारी यदि अन्धी है तो पाटी पर लिखा वह पढ़ने की बात कह नही सकती,और मुझे कोढी कहने का कारण भी क्या? अतः हम दोनों एक दूसरे को देख न सकें इसीलिये गुरुजी ने भ्रम फैला रखा है। भ्रम दूर होते ही कुमार को कुमारी के देखने की उत्कंठा बढी। और एक दूसरे को देख करके प्रेमसूत्र में बंध गये। फिर परस्पर दूहा-गूढादि लिखते व कहते रहने के द्वारा प्रीति दृढ़ होती गई।

गुरुजी के बाग में खेत थे। उसकी रखवाली के लिये बारी २ से शिष्य वहां जाते थे। नियमानुसार सदयवच्छ अपनी बारी पर खेत पहुंचा और सावलिंगा उसे भाता (भोजन) देने खेत गई। वहाँ एकान्त होने से प्रीति विशेष रूप से दृढ़ हो गई। सावलिंगा ने किसीके भी साथ विवाह होने पर पहली रात उसके साथ रमण का वादा किया।

शिक्षा समाप्त होने पर यौवनावस्था देख, राजा ने सदयवच्छ का विवाह किसी राजकन्या से कर दिया। और सावलिगा के पिता ने भी कुमारी की अवस्था विवाहयोग्य जानकर, ब्राह्मण को भेजकर पुष्पावती के सेंठ धनदत्त से उसका सम्बन्ध निश्चत कर दिया। सदयवच्छ यह जानकर वेश्या के कथनानुसार स्त्रीवेष में कुमारी सें उसके घर जाकर मिला। तब उसें देवी मन्दिर में मिलने का कुमारी ने संकेत किया।

निश्चित समय पर पुष्पावती सें धनदत्त आया और उसके साथ सावलिंगा का विवाह हो गया। सदयवच्छ के साथ अपनी पुरानी प्रीति

एवं वचन निबाहने के लिये देवी मन्दिर में अपनी पूर्व मनौती पूर्ण करने को पति से आज्ञा लेकर वहा पहुंची।

